प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.05.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

पीएम–रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश में 47 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा। देश के सभी हिस्सों से चयनित ये युवा रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार संभालेंगे।

पंचायत चुनाव

प्रदेश में तीन चरणों में 26, 28 व 30 को होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर राज्य चुनाव आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इन तीनों चरणों में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के विभिन्न पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग ने पूरे प्रदेश में कुल 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। इन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। चुनावी ड्यूटी पर तैनात पोलिंग पार्टियों को आज अंतिम चरण का पूर्वाभ्यास करवाया जा रहा है और कल 24 व 25 मई को इन्हें बंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। चुनाव ड्यूटी में करीब 35 हजार कर्मचारियों की तैनाती की गई है, जो तीन चरणों में होने वाले मतदान को सफलतापूर्वक संपन्न करवाएंगे।

संशोधित अवकाश

राज्य सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को लेकर मतदान दिवस पर संबंधित क्षेत्रों में भुगतान सहित अवकाश घोषित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अुनसार 26, 28 और 30 मई को संबंधित क्षेत्रों में सरकारी व निजी संस्थान बंद रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों और अधिकारियों को उसी दिन छुट्टी मिलेगी, जब उनकी पंचायत और संबंधित क्षेत्र में मतदान होगा। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी ये अवकाश मान्य होगा।

जयराम

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के बीच लागू आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान सरकार द्वारा करवाई गई मंत्रिमंडल की बैठक को आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पंचायत चुनाव को अब कुछ दिन बचे है ऐसे में मतदाताओं को लुभाने के लिए सुक्खू सरकार ने कैबिनेट बैठक में कई लोक लुभावन फैसले लिए हैं। जयराम ठाकुर ने इस संदर्भ में चुनाव आयोग से तत्काल और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के बीच में मुख्यमंत्री जी कैबिनेट की बैठक करते है और कैबिनेट में फैसले लिए गए की महिलाओं को 1500–1500 रुपये दिए उसके बाद मैडिकल कॉलेजों में जो प्रोफेसर है उनकी रिटायरमेंट की जो ऐज है उनको बढ़ाने का निर्णय लिया गया और मानदेय बढ़ाने के फैसल लिए गए चाहे वह आंगनबाड़ी वर्कर, मल्टी टास्क, अलग विभाग में कार्य करने वाले वर्कर है उनके पक्ष में निर्णय लिया गया है उनको

को भी अभी एनाउस किया है पूरी तरह से आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुले आम उल्लघंन है इस संदर्भ में हिमाचल प्रदेश के चुनाव आयोग संज्ञान लेना चाहिए।

ईंधन कीमत वृद्धि

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज 91 पैसे प्रति लीटर तक की वृद्धि हुई है। पिछले 10 दिन में तेल के मूल्यों में तीसरी बार वृद्धि हुई है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 99 रुपये 51 पैसे प्रति लीटर हो गई है, जबकि डीजल के मूल्य 91 पैसे बढ़कर 92 रुपये 49 पैसे प्रति लीटर हो गया है। 15 मई को 3 रुपये प्रति लीटर और 19 मई को 90 पैसे की वृद्धि के बाद ईंधन की कीमतों में यह तीसरी बार संशोधन है। हाल के दिनों में कीमतों में लगभग 5 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई है।

लहुसन

प्रदेश में इस बार लहुसन की अच्छी पैदावार हुई है और फसल के बेहतर दाम मिलने से किसान खुश है। सोलन की सब्जी मंडी में बड़ी संख्या में किसान इन दिनों लहुसन बेचने के लिए पहुंच रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस बार उन्हें पिछले वर्ष के मुकाबले लहुसन का अच्छा मूल्य मिलने से फायदा हुआ है।

मैं जयसिंह ठाकुर बेरगांव से पिछले साल लहुसन 100 रुपये था इस बार 145 रुपये बिका सुरेंद्र कुमार मेरा गांव बधाल है पिछले साल के मुकाबल इस बार अच्छा रेट मिल रहा है फसल भी अच्छी किसानों को अच्छा रेट भी मिल रहा है मैं राकेश कुमार मैं कुनिहार से आया हूं इस बार किसानों को अच्छा रेट मिला है और जिम्मीदार भी खुश है।

सीबीएसई–विस्तार

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई ने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि एक दिन और बढ़ाकर 24 मई तक कर दी है। सी.बी.एस.ई ने यह निर्णय वेबसाइट पर अत्यधिक आवेदन और तकनीकी व्यवधान के बाद लिया है, जिससे वेबसाइट बाधित हो रही थी । बोर्ड ने बताया कि विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी मिलने के बाद, पुनर्मूल्यांकन का आवेदन करने के लिए दो दिन का समय मिलेगा।

दुर्घटना

कालका शिमला मार्ग में सलोगडा के समीप आज एक निजी बस अनियंत्रित हो कर सड़क पर ही पलट गई। यह बस सोलन से शिमला जा रही थी और इसमें करीब दस लोग सवार थे, जिनमें से चालक सहित दो लोग घायल हुए है। घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन भेजा गया है। वहीं दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे

नमस्कार।